तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

10 जिपं उपाध्यक्ष मिथलेश ने गोंडवाना सामुदायिक भवन का...

09 स्वामी आत्मानंद स्कूल में किया गया चलित विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन





**खबर संक्षेप**

### आवक कम, इस बार कमल की कीमत दोगुनी हुई



**बालोद।** कमल फूल की कमी की वजह से इस दीपावली पर्व में फूल दोगुने दाम पर मिलेगा। पूजा के लिए कमल फूल की बिक्री करने वाले व्यापारियों ने बताया कि पड़ोसी जिलों से ही इस बार अधिक दामों में फूल आ रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को पिछले सालों की तुलना में इस साल अधिक दाम पर फूल खरीदना होगा। दीपावली पर्व में लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व है, लक्ष्मी जी का पूजन कमल फूल के बिना अधूरा माना जाता है। कमल फूल की बढ़ती मांग और फूलों की कमी के कारण अभी से इसकी एडवांस बुकिंग शुरु हो गई है। बता दें कि गत वर्ष गत वर्ष 10 रुपए प्रति नग फूल बिका था। इस साल लोग एडवांस में एक फूल के लिए 20 रुपए देने को तैयार है लेकिन विक्रेता उपज की कमी के कारण एडवांस नहीं ले रहे हैं।

### कपरमेटा में कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**गुरूर।** ग्राम कपरमेटा में ग्रामवासी के सहयोग से 29 अक्टूबर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष त्रिलोक सिन्हा ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 6001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 4001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपये रखा गया है।

### कंवर (आदिवासी) समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं कंवर महोत्सव 10 को




**बालोद/गुण्डरदेही।** जिला बालोद कंवर (आदिवासी) समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं कंवर महोत्सव कार्यक्रम गुण्डरदेही ब्लॉक के स्कूल मैदान भाठागांव (बी) में 10 नवम्बर को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष, कंवर समाज हरवंश सिंह मिरी करेंगे। विशेष अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं जिला बालोद प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद कांकेर लोकसभा क्षेत्र भोज राज नाग, विधायक गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र कुंवर सिंह निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक गुंडरदेही वीरेंद्र साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुंडरदेही सुचित्र हेमंत साहू होंगे। जिला अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 09 पर

कार्रवाई : खाद्य व औषधि प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही जांच

## त्योहारों के दौरान मिलावट की आशंका बढ़ी, मिठाई दुकानों से लिए जा रहे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

**जांच रिपोर्ट आने में लग रहा 10 से 15 दिन का समय**

दीपवाली पर्व में मिठाइयों सहित अन्य खाद्य सामग्रियों में मिलावट की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि ऐसे समय में हर आम आदमी जल्दबाजी में मिठाइयों की खरीदी कर रहे हैं, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाले सामग्री से तैयार किए जाने वाले मिठाइयों के बजाए लोकल या गुणवत्ताहीन सामग्रियों की मिलावट कर त्यौहारी सीजन को अवसर बनाकर मिष्ठान दुकानों में अधिक मात्रा में मिठाई खपाई जा रही है।

हालांकि फूड विभाग द्वारा दावा किया जा रहा है कि पिछले एक सप्ताह के भीतर जिले के 25 से 30 मिठाई प्रतिष्ठानों से मिठाइयों के सैम्पल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए रायपुर भेजा गया है। हालांकि उसकी रिपोर्ट आने में 10 से 15 दिन का समय लग जाता है, तब तक संबंधित मिठाई भी खत्म हो जाती है व मामला शांत हो जाता है।




वहीं, भेजे गए सैम्पल की जांच होने के बाद आखिर रिपोर्ट कैसी आती है, किस तरह की कार्रवाई होती है, यह सभी बातें ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। दीपावली पर्व को लेकर खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा जिले के सभी ब्लॉक की तमाम मिठाई दुकानों में दबिश देकर मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच कर रहे है। कहीं पर भी मिठाइयों में मिलावटी होने का संदेह होता है या शिकायत सामने आती है तो मिठाइयों का सैम्पल लेकर रायपुर जांच के लिए भेजा जा रहा है।

### 25-30 दुकानों से रायपुर भेजे गए सैम्पल

फूड इंस्पेक्टर भारत भूषण पटेल ने कहा कि 25–30 दुकानों से मिठाई का सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। दुकानों में लगातार जांच जारी है। कहीं पर भी मिलावटी की शिकायत होती है, तो जांच के लिए सैम्पल भेज देते हैं। मिठाई दुकानों में आगे भी निरंतर जांच जारी रहेगी।

## आज से शुरू हो जाएगा गौरा-गौरी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


दीपावली के मौके पर गौरी-गौरा पूजन का विशेष महत्व है। जिला मुख्यालय से लेकर सभी गांवों में आज से गौरी गौरा जगाने व पूजा करने की रस्म शुरू की जाएगी, जो दीपावली के अगले दिन यानि की गोवर्धन पूजा तक चलेगा। उस दिन दोपहर को गौरी-गौरा का विसर्जन किया जाएगा।

इस बार दिवाली गुरुवार को पड़ रही है, हालांकि आज से रात के समय गौरी गौरा की प्रतिमा बनाने का दौर शुरू होगा, जो दीपावली की रात तक चलेगा। दीपावली के दिन



जहां आधी रात को शुरू हुई पूजा के खत्म होने के अगले दिन यानी की शुक्रवार को दिन भर प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा। छत्तीसगढ़ का पारंपरिक गाड़ा बाजा की धुन पर जसगीत गाते श्रद्धालु विसर्जन के लिए तालाब जाएंगे। अमूमन दीपावली पर जहां माता लक्ष्मी की पूजा घर–घर में की जाती है, वहीं जिला मुख्यालय सहित गांवों में स्थित मोहल्लों के चौक मे जिन्हें गौरा गौरी चौक कहा जाता है, वहां पर माता पार्वती व भगवान शंकर की प्रतिमा को स्थापित करके पूजा–अर्चना की जाएगी। मोहल्लों में गौरी–गौरा पूजन की तैयारियां शुरू हो चुकी है। बता दें कि मोहल्ले के बुजुर्ग मिट्टी लाकर प्रतिमा बनाएंगे। वहीं कुछ जगह पर बाजार में बिक रही प्रतिमा ही स्थापित की जाएगी। शहर के पाण्डेपारा, टिकरा पारा, शिकारी पारा, नयापारा सहित अनेक इलाकों और ग्रामीणों क्षेत्रों में गौरी–गौरा पर्व मनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में शामिल होंगे जिले के 23 बच्चे



**बालोद।** राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में 27 अक्टूबर को आयोजित जु जित्सू मार्शल आर्ट जूनियर वर्ग बालक, बालिका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने बालोद जिले के 23 प्रतिभागी प्रशिक्षक सुरेश शांडिल्य के नेतृत्व में रवाना हुए।

दीपावली पर्व से पहले राशि नहीं मिलने से बढ़ी गन्ना उत्पादकों की चिंता

## किसानों को सालभर बाद भी नहीं मिली गन्ने की बोनस राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले के एकमात्र दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना के किसानों को दीपावली पर्व पर बोनस की राशि नहीं मिलने से दीपावली पर्व फीका रह जाएगा, जिसके चलते गन्ना किसानों में शासन के प्रति नाराजगी देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि जिले के गन्ना किसानों द्वारा शक्कर कारखाना करकाभाट में 2023 – 24 में बेचा गया गन्ने का बोनस राशि अब तक किसानों को नहीं मिल पाया है। जिसके चलते गन्ना किसानों में सरकार के प्रतीक खासी नाराजगी देखने को मिल रही है, हालांकि प्रदेश सरकार द्वारा 18 अक्टूबर को हुई, कैबिनेट की बैठक में गन्ना किसानों को प्रति क्विंटल 63 रुपए 25 पैसे की दर से बोनस राशि देने का निर्णय लिया जा चुका है किंतु दीपावली त्यौहार होने के चलते किसानों को बोनस राशि का लंबे समय से इंतजार था, जिससे कि गन्ना किसान दीपावली पर्व धूमधाम से मना सके, किंतु सरकार द्वारा गन्ने की बोनस राशि किसानों को जारी नहीं किया गया।

गन्ना किसान संघ गुरुर के ब्लॉक अध्यक्ष दुलारू राम साहू ने बताया कि गन्ना किसानों को दीपावली पर बोनस राशि मिलने की उम्मीद थी, किन्तु प्रदेश की सरकार द्वारा राशि जारी नहीं करने से गन्ना किसान दीपावली त्यौहार खुशी से नही मना पाएंगे, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ▶▶| शेष पेज 09 पर

## लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में लगेंगी पटाखा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- नगर पंचायत सभागार में एसडीएम ने व्यवसायियों की बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश



स्थानीय नगर पंचायत के सभाकक्ष में 27 अक्टूबर रविवार को शाम 4 बजे शिवनाथ बघेल अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डौण्डीलोहारा, नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौबे एवं थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा वीणा यादव की उपस्थिति में पटाखा व्यापारियों की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न नियम एवं शर्तों पर चर्चा की गई। पटाखा व्यापारियों को लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में दुकानें आबंटित की गई हैं। दुकानों का आवंटन लाटरी पद्धति से किया गया। प्रत्येक दुकान के लिए राशि 1000 रूपए तय की गई है। बता दें कि आबंटित स्थल की राशि पूर्व में 600 रूपए वर्ष 2014 में तय की गई थी। लेकिन, 10 वर्षों में किसी भी प्रकार की बढोतरी नहीं किए जाने के कारण इस ▶▶| शेष पेज 09 पर

हरिभूमि
**पाठक सूचना**

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## घसियाराम को हाईकोर्ट से मिली राहत

**अंडा।** ग्राम तिरगा के सरपंच रहे घसियाराम देशमुख को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत दी है। ज्ञात हो कि जून 2024 में एसडीएम मुकेश रावटे की कोर्ट ने सरपंच घसिया राम देशमुख को पद से बर्खास्त कर 6 साल तक के लिए चुनाव नहीं लड़ने का आदेश जारी किया था। उसके बाद याचिकाकर्ता घसियाराम देशमुख ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में न्यायालय ने सरपंच को फ़ौरी राहत देते हुए उक्त आदेश को स्थगित कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि कार्यकाल अवधि समाप्त होने तक पद पर रहने दिया जाए। याचिककर्ता के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि मनरेगा मामले की जांच प्रक्रिया का पालन करते हुए नहीं की गई थी, जिससे ▶▶| शेष पेज 09 पर

- एसडीएम की कोर्ट ने तिरगा के सरपंच को बर्खास्त कर 6 साल तक चुनाव लड़ने पर लगाई थी रोक





# फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड का टेंडर निरस्त

## केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने नाफेड की जांच करने छत्तीसगढ़ शासन को लिखा पत्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर कहा है कि फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड द्वारा निकाले गए टेंडर को निरस्त करें। केंद्रीय खाद्य विभाग में सहायक निदेशक डॉ. प्रीति शुक्ला ने राज्य शासन के खाद्य सचिव से नाफेड की जांच कर अवगत कराने कहा है। नाफेड, यह फोर्टिफाइड चावल मार्कफेड के लिए खरीदी करता है। इससे पहले प्रदेश के राइस मिलर्स ने केंद्रीय खाद्य विभाग को शिकायत की थी, इसमें कहा गया था कि फोर्टिफाइड चावल की महत्वाकांक्षी योजना में लगने वाले एफआरके चावल के लिए छत्तीसगढ़ में नाफेड ने टेंडर बुलाया गया था। टेंडर में कुछ ऐसे नियम लगाए गए थे, जिससे कुछ विशेष निर्माताओं को ही लाभ हो। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के इस अनियमितता की शिकायत पर यह पत्र भेजा था। बताया गया है कि नाफेड ने इसी महीने 44 हजार टन चावल खरीदने का टेंडर जारी किया था।

**तीसरी बार हुआ टेंडर निरस्त** : नाफेड को यह फोर्टिफाइड राइस जनवरी-फरवरी में राज्य को देना था। दो बार टेंडर निकाला गया था उसमें टेंडर की शर्तों को लेकर शिकायत के बाद निरस्त किया गया। तीसरी बार जो टेंडर जारी किया गया उसमें भी कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का प्रयास था, इस बार नाफेड ले इसे निरस्त करने से मना कर दिया था, तब राइस मिलर एसोसिएशन ने इसकी शिकायत सीधे केंद्र के खाद्य मंत्रालय को किया।

### कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप

छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन ने भी गंभीर आपत्तियां दर्ज की थी। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि नाफेड ने इस टेंडर में ऐसी शर्ते डाली थीं, जिसे कुछ खास कंपनियां ही पूरा कर सकती थीं। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से शिकायत कर दी थी कि फोर्टिफाइड राइस के टेंडर के जरिए नाफेड कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।



### नाफेड को सप्लाई का एकाधिकार

खरीफ वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार के आदेश के अनुसार राज्य के समस्त एफआरके निर्माताओं से इस चावल की खरीदी कर उसे मार्कफेड को सप्लाई करने का एकमेव एकाधिकार नाफेड अर्थात नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड जो कि भारत सरकार की एक बड़ी इकाई है, उसे दिया गया। आदेश के अनुसार अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी केवल नाफेड ही एफआरके की खरीदी राज्य के पंजीकृत एवं इम्पेनल निर्माता से ही कर सकेगा और मार्कफेड को विक्रय करेगा। मार्कफेड द्वारा उसे प्रदेश के राइस मिलर्स को प्रदाय किया जाएगा, जिसे प्रदेश के मिलर्स कस्टम मिलिंग के चावल में 1 प्रतिशत मिश्रित कर राज्य की चावल खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम एवं केंद्रीय चावल खरीदी एजेंसी भारतीय खाद्य निगम में सप्लाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### संजय बोले-बैज का बयान विष्णु के सुशासन पर मुहर



**रायपुर**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुईं मुठभेड़ों को कभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुर में सुर मिलाकर फर्जी बताने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आखिरकार 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर यह तो स्वीकार कर ही लिया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद टारगेटेड एनकाउंटर हुए हैं और टारगेटेड एनकांटर में कोई आपत्ति नहीं है, बस्तर में शांति लौटनी चाहिए।

### असम उपचुनाव के स्टार प्रचारक होंगे विकास



रायपुर। असम उपचुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को शामिल किया गया है। एआईसीसी ने यहां के उप चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों के नाम निर्वाचन आयोग को दिया है, उसमें उनका नाम शामिल किया गया है। श्री उपाध्याय असम उनचुनाव के विशेष पर्यवेक्षक भी बनाए गए हैं। वहां के चुनाव की गतिविधियों पर पूरी तरह नजर रख रहे हैं।

### इंडिया गठबंधन एकजुटता से करेगा मुकाबला : साहू



**रायपुर**। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों कि बैठक रखी गई, जिसमें मंथन के बाद यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन एकजुटता से मुकाबला करेगा। इस वजह से रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन की विचारधारा विकासवाद, समावेशिता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर है। अपने प्रयासों को मिलाकर, सदस्य दलों का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना, कल्याण और प्रगति को बढ़ावा देना और उस विचारधारा का मुकाबला करना है, जो भारत के विचार को खतरे में डालती है।

### विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण : शेखर



**रायपुर**। बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) कोलकाता द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान पंडरी में तीन दिवसीय आयोजित प्रदेश के को-ऑपरेटिव बैंकों के अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नाबार्ड महाप्रबंधक शीतांशु शेखर ने प्रतिभागियों को संबोधित हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशन में वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। देश के आर्थिक विकास का आधार सहकारिता है। विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूह, फार्मर प्रोड्यूस आर्गेनाजर तथा राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जोड़ना है, जिससे कि वह आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैंकिंग में कंप्लायंस, साइबर सिक्योरिटी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक केएन कांडे, उप महाप्रबंधक अपेक्स बैंक व छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक भूपेश चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

## सुनील सोनी को जीत दिलाएं, आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे

# सीएम साय बोले- कांग्रेस ने जनता की जेब से पैसे निकाले, भाजपा जेब में डाल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए भाजपा के आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने 2018 में जनता से झूठे वादे करके सरकार बनाई और पिछले पांच वर्ष कांग्रेस ने सिर्फ लूटने का कार्य किया। कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता की जेब से पैसा निकालने का कार्य करती रही, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही हमारी सरकार ने जनता की जेब में पैसा डालने का काम किया है।

श्री साय ने कहा, दीपावली से पहले देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महतारी वंदन का पैसा प्रदेश की बहनों के खाते में पहुंचाया है। उन्होंने कहा, प्रदेश के हर घर में नरेंद्र मोदी और भाजपा की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। सभी परिवारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा, आप भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के लिए कमल का बटन दबाएं आपको एक नहीं दो विधायक मिलेंगे।



### बृजमोहन बोले- बड़ी जीत का करें वादा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, हमारे समक्ष प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय उपस्थित हैं और आज आप सभी उन्हें एक वादा कीजिए की पुनः रायपुर दक्षिण की सीट बड़ी मार्जिन से भाजपा की झोली में डालेंगे और अपने प्रत्याशी सुनील सोनी को विधानसभा में दक्षिण का नेतृत्व करने पहुंचाएंगे। मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, रायपुर दक्षिण से लगातार आठ बार जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल के बारे में सवाल उठाकर भूपेश बघेल अपनी जगहसाई करवाते हैं। राजनीति से लेकर महापौर, सांसद, विधानसभा प्रत्याशी तक के जीवन काल में रायपुर के विकास की भूमि तैयार करने वाले सुनील सोनी है। वर्तमान महापौर जिसके एक भाई जेल में और एक भाई बेल में है को संरक्षण देकर भूपेश बघेल कांग्रेस की मानसिकता उजागर करते हैं। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने कहा, आज कार्यकर्ताओं एवं जनता की विशाल भीड़ ने एक बार फिर बता किया कि रायपुर दक्षिण में फिर से कमल खिलने वाला है। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुनील सोनी के लिए रायपुर दक्षिण में चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपचुनाव संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, शिवरतन शर्मा, भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, मोहन एंटी, जयंती पटेल, अनुराग अग्रवाल, सत्यम दुवा, सुभाष तिवारी, मुकेश शर्मा, मीनल चौबे, मृत्युंजय दुबे, छगन मूंदड़ा, अकबर अली, अमित साहू, केदार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दूसरी बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगन्नाथ मंदिर के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान श्रीमती मुर्मू ने मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए आरती की। फल और मिष्ठान्न भी भेंट किया। विधिवत पूजा के साथ भगवान जगन्नाथ से छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों के कल्याण और समृद्धि की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने संपूर्ण मंदिर का भ्रमण करते हुए देवी देवताओं के दर्शन किए। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगन्नाथ मंदिर यह दूसरा प्रवास था। पिछले वर्ष भी महामहिम द्रौपदी मुर्मू जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान मंदिर समिति के चेयरमैन व रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मंदिर के इतिहास और महत्व की उन्हें जानकारी दी। इस दौरान राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति ने मंदिर का किया भ्रमण

राष्ट्रपति ने भगवान के दर्शन करने के साथ ही मंदिर में परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आमंत्रित अतिथियों में विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वरिष्ठ नेता छगन लाल मूंदड़ा, मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अमर पारवानी, सतीश छुगानी, राजीव लोचन महाराज, जी.स्वामी, सदन तिवारी, स्वामी परमात्मानंद इत्यादि ने मुलाकात की। अंत में विधायक पुरंदर मिश्रा के परिजनों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर विदाई दी। इस अवसर पर आयुक्त रायपुर संभाग महादेव कांवरे, कलेक्टर आईएएस गौरव सिंह, कमिश्नर आईएएस अविनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, संयुक्त कलेक्टर निधि साहू, रायपुर डीआईजी, डीआईजी मिलना कुर्रे, एसएसपी आईपीएस संतोष कुमार सिंह, एडिशनल एसपी मिर्जा बेग, खम्हारडीह थाना के टीआई नरेन्द्र मिश्रा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# नरदहा-धनसुली सड़क चौड़ीकरण डेढ़ साल से अधूरा, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में नरदहा-धनसुली सड़क चौड़ीकरण का कार्य पिछले डेढ़ साल से अटका पड़ा हुआ है। इस सड़क को

- ठेका एजेंसी को निर्माण कार्य 3 जनवरी 2023 तक करना था पूर्ण

चौड़ीकरण करने का काम वर्ष 2022 में नवापारा अंबिकपुर की एजेंसी को सौंपा गया था। टेंडर के अनुसार सड़क का चौड़ीकरण के साथ पुल-पुलिया काा मजबूतीकरण किया जाना था। इसके लिए एक वर्ष का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन टेंडर की समय-सीमा खत्म हुए डेढ़ वर्ष से भी अधिक हो चुका है। बावजूद सड़क का काम अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।

इसके कारण इस सड़क से आवागमन करने वाली वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 3.80 किलोमीटर लंबी नरदहा-धनसुली मार्ग को चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण पुल-पुलिया के साथ कार्य करने के लिए टेंडर जनवरी 2022 में निकाला था। इस टेंडर को नवापारा अंबिकापुर की एजेंसी प्रकाश चंद को दिया गया था। यह टेंडर 857.00 लाख रुपए दिया गया है। सूत्रों के अनुसार इस एजेंसी को टेंडर के अनुसार एडवांस राशि का भुगतान भी किया गया था, जिसके बाद एजेंसी द्वारा इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया था। टेंडर के अनुसार एजेंसी को इसका निर्माण कार्य 3 जनवरी 2023 तक पूर्ण करना था, लेकिन यह काम अब तक अधूरा है।



### डामरीकरण का काम अटका

एजेंसी ने टेंडर के अनुसार सड़क को चौड़ीकरण का काम पूर्ण कर लिया है, लेकिन सड़क को अब तक डामरीकरण नहीं किया गया है। इसके कारण इस सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी को कार्य से संबंधी राशि का पूरा भुगतान हो चुका है। इसके बाद भी एजेंसी इसका निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं कर पाई है।

# चैंबर और कैट ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स और कैट की सीजी चेप्टर इकाई ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने आया त्योहार चलो बाजार अभियान शुरू किया है। इसके तहत समाज के जरूरतमंद लोगों के घरों में रोशनी लाने 11 हजार मिट्टी से बने दीपों का वितरण किया गया। रवि भवन जयस्तंभ चौक पर इस कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की।

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि दीप वितरण कार्यक्रम चैंबर की ओर से एक छोटी सी पहल है। इसके माध्यम से प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों और आम जनता से यह अपील है कि वे चाइनीज लाइटों एवं चाइनीज डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर मिट्टी के दीए जलाएं। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दे सकते हैं। चैंबर और कैट सीजी चेप्टर इकाई के दीप वितरण कार्यक्रम में 11-11 दीपों का 1 हजार पैकेट तैयार कर 11 हजार दीपक वितरित किए गए। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, कैट सीजी चेप्टर के परमानंद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, मंत्री रतन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- चाइनीज लाइटों और विदेशी डेकोरेटिव चीजों का बहिष्कार करने की अपील

# प्रेक्षक रेखा रानी ने किया स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस क्रम में शनिवार को सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। रेखा रानी ने इस दौरान कहा कि मतदान सामग्री का वितरण एवं वापसी इंजीनियरिंग कॉलेज से किया जाना है, जिसे व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों के लिए स्ट्रॉग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने बैरिकेड्स की अच्छी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**डाकमत पत्र समय-सीमा पर वितरण करें** : प्रेक्षक रेखा रानी ने कहा कि पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना लें और समय-सीमा के भीतर वितरण करें। निरीक्षण के दौरान उप जिला चुनाव अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक रिटर्निंग आफिसर राकेश देवांगन उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का रिकॉर्ड रखने के निर्देश

व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने कलेक्टोरेट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक भी ली, जिसमें उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में आने वाले शिकायतों का रिकॉर्ड रखे। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि प्रत्याशी के तय होने के बाद से उनके सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए और पैड न्यूज की निगरानी भी की जाए। उन्होंने कहा कि फोन कॉल के माध्यम से पहुंचने वाली शिकायतों की तुरंत जांच की जाए, साथ ही राजनैतिक कार्यक्रमों एवं रैलियों की वीडियोग्राफी कराई जाए। इस बैठक में सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक के साथ पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा ने एसएसटी एवं एफएसटी चेक पाइंट का भी निरीक्षण किया।

# झारखंड में ओपी, केदार, विजय, तोखन ने संभाला मोर्चा, महाराष्ट्र में भी प्रदेश के कई नेताओं को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप और केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के साथ प्रदेश के कई नेता इस समय झारखंड में मोर्चा संभाले हुए हैं। प्रदेश के कई नेताओं को महाराष्ट्र का जिम्मा दिया गया है। कई नेता इस समय वहां पर हैं। एक-दो दिनों में सबकी वापसी होगी, इसके बाद सभी फिर से दीपावली के बाद अपने-अपने जिम्मे वाली विधानसभा का मोर्चा संभालने जाएंगे।

- प्रदेश के 60 से ज्यादा नेताओं को दिया गया है दो राज्यों की विधानसभाओं का जिम्मा

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने काफी पहले से उन राज्यों में चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी थी, जहां पर चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ था। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र और झारखंड का भी नाम है। अब तो इन राज्यों में चुनाव का ऐलान भी हो गया है। इसी के





साथ प्रदेश के जिन नेताओं को इन राज्यों की जिम्मेदारी दी गई है, वे नेता लगातार वहां जा रहे हैं। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है। महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिंहा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व विधायक रंजना साहू नांदेड़ दक्षिण, आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ उत्तर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है। इनमें से ज्यादातर नेता इस समय महाराष्ट्र में ही है।

### झारखंड में इनको जिम्मा

झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। इसी के साथ और कई नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है। इस समय ज्यादातर नेता अपने जिम्मे वाली विधानसभाओं में हैं।

वरिष्ठ नेताओं की नुक्कड़ सभाएं कराई जाएंगी

# दक्षिण विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस नेताओं ने रणनीति बनाई है। कांग्रेस नेताओं ने सभी सेक्टर तथा बूथ एवं वार्ड प्रभारियों को उनके क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी। सभी ब्लाकों में तथा कुल 19 वार्डों में विधानसभा क्षेत्र को बांटकर वरिष्ठ नेताओं को प्रभार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बात के लिये एकजुटता दिखाई कि दक्षिण विधानसभा में अबकि बार कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। ब्लाक या वार्ड या स्थानीय वोटर को चिन्हित कर सकते हैं। सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करना है। भाजपा सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है।

विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, चुनाव में सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर दिया है। भाजपा की सरकार ने सामाजिक वातावरण को खराब किया है। सरकार के खिलाफ वातावरण बना सकते हैं। भाजपा सरकार ने 10 महीने में अराजकता फैलायी है। भाजपा सरकार की अराजकता को लोगों को बताना है।




### महंत के नेतृत्व में हुई बैठक

महत्वपूर्ण बैठक नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एआईसीसी सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी एसए सम्पत कुमार, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, उमेश पटेल, अनिला भेड़िया, गुरू रूद्रकुमार ने अपने सुझाव दिया। बैठक में कांग्रेस विधायक, पूर्व विधायक और कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### शटर का ताला टूटा अपराध दर्ज

**भिलाई।** दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सड़क 10 सेक्टर 4 निवासी शहजाद खान का केजीएन ट्रेडर्स शॉप न सी/6 लक्ष्मी नगर मार्केट सुपेला में डेली नीडर्स की होलसेल दुकान है। पीड़ित 24 अक्टूबर की रात 9.30 बजे अपनी दुकान बंदकर घर चला गया था। सुबह दुकान खोलने पहुचा तो ताला और चैनल गेट कटा हुआ था। गल्ले में रखा गया चिल्हर 20 हजार, सिगरेट विभिन्न कंपनी का 20 पुड़ा , कस्मेटिक सामान पार हो गया।

### कवर्धा ने दुर्ग को 103 रनों से हराया

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच इन दिनों खेले जा रहे हैं। शनिवार को कल्याण कॉलेज ग्राउंड में सरगुजा और जांजगीर-चांपा के बीच मैच खेला गया। इस मैच को सरगुजा ने 152 रनों से जीत लिया। सरगुजा ने 9 विकेट पर 227 रन बनाए। जांजगीर चांपा की टीम 75 रन पर आउट हो गई। दूसरा मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर ब्लू और नारायणपुर के बीच खेला गया। रायपुर ब्लू पांच विकेट से विजयी रहा। नारायणपुर ने 142 रन बनाए।

### रासेयो इकाई ने की उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वारा नव प्रवेशित स्वयं सेवकों हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्दिकी उपस्थित थे। डॉ. सिद्दिकी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्य एवं कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर अपने वैयक्तिक विकास और सामुदायिक विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया और शपथ ग्रहण कराया। विशिष्ट अतिथि हिन्दीके विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि, नियमित गतिविधियों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित मापदंण्डों के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान, कार्यक्रम समन्वयक (रासेयो) हेमचंद यादव विवि ने नवप्रवेशित स्वयंसेवकों को रासेयो से जुड़े पूर्व स्वयंसेवकों का उदाहरण देते हुए संबोधित किया।

## निधन

### ऋषि कुमार देवांगन

**बालोद/अर्जुन्दा।** नगर अर्जुंदा के प्रतिष्ठित व्यक्ति ऋषि कुमार देवांगन का निधन हो गया। उनका अंतिम



संस्कार स्थानीय नगर अर्जुंदा के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन के साथ गांव के पुरुषोत्तम देवांगन, केशव देवांगन, जगन देवांगन, बाबूलाल जैन, राजू नाहटा, बृजेश चंद्राकर सहित स्थानीय लोग सम्मिलित हुए।


व्यापारियों ने कहा- ऑनलाइन शॉपिंग के कारण खुदरा व्यापार को पहुंचा काफी नुकसान

# वोकल फार लोकल सिर्फ एक नारा नहीं अपने जीवन में उतारने वाली बात है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडी

देश भर में ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स के आने से उनके द्वारा लगातार डिस्काउंट के नाम पर देश भर में विभिन्न खुदरा व्यापार को काफी नुकसान पहुंचा है। ये ऑनलाइन शॉपिंग का दंश ही है, जिसकी वजह से अब लोग घर बैठे जरूरत की चीजें मोबाइल से आर्डर कर रहे हैं पर बाजार से त्योहारों में रौनक खत्म होने लगी है। इस बाबत राजेन्द्र पिंटू जैन ने जनता से लोकल व्यापारियों को समर्थन करने का आग्रह किया।

इसी तरह सुरेश बाघमार ने कहा है कि ऑनलाइन शॉपिंग का विषय एक संघर्ष का विषय है और हमें उसे रूप में ही तैयारी करनी चाहिए। गिरीश सोनी ने बताया कि अनादि काल से यह सिद्ध है कि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्णा भी निवेदन करके महाभारत का युद्ध नहीं रोक पाए थे। अतः इन सब विषयों पर हमें ऐसी तैयारी करनी चाहिए जिससे कि उपभोक्ता को अच्छे से अच्छा विकल्प प्राप्त हो सके। रूपेश जैन ने कहा कि आप सभी व्यापारियों से यह निवेदन करना चाहूंगा कि डौंडी के समस्त व्यापारी किसी भी सामग्री को क्रय करने के लिए डौंडी के स्थानीय व्यापारियों को महत्व दें। उन्होंने कहा कि मेरा व्यक्तिगत अनुभव यह है कि डौंडी से हमें वस्तुएं सस्ती एवं अच्छी प्राप्त होती हैं।



### स्थानीय स्तर पर ही सामग्री खरीदने का आग्रह

विशाल जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार वोकल फार लोकल का नारा महज एक नारा नहीं है, यह व्यक्तिगत जीवन में चरितार्थ करने वाला विषय है। अतः हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हम स्थानीय स्तर पर ही सामग्री का करे करेंगे तभी जाकर हम ऑनलाइन का नैतिक रूप से विरोध कर सकते हैं। गोरेलाल सोनी ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले व्यापार इलेक्ट्रॉनिक कपड़ा एवं जनरल स्टोर के समान है। यह सभी व्यापारी ऑनलाइन शॉपिंग का पुरजोर विरोध करते हैं, किंतु जब स्वयं किसी कार्य को करने का विषय आता है तब व्यापारी बंधु बाहर जाकर खरीदने को प्राथमिकता देते हैं उनका यह मानना है कि बाहर चीज सस्ती मिलती हैं जो की एक स्वस्थ मानसिकता नहीं है।

### पहले बाजार में घूम कर देखें, फिर करें खरीदारी

पूनम चंद जैन ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग करने से पहले जनता से निवेदन है कि बाजार में घूम कर चीजें देखें परखें उसके बाद खरीदी करें, ताकि लगातार ऑनलाइन हो रहे फ्रॉड से बचा जा सके। दीपक जयसवाल ने समस्त नगरवासी परिवार समेत बाजार में निकल कर खरीदी करें और त्योहार के मौसम का लुत्फ उठाएं, इससे आपकी खरीदी एक अनोखा अनुभव भी बनेगी और बाजार में त्योहार जैसा माहौल भी बनेगा।

# खुर्सीपार में आंगनबाड़ी भवन के पास गंदगी




**बालोद/निकुम।** विकासखंड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़ेला के आश्रित ग्राम खुर्सीपार में आंगनबाड़ी भवन के पास गंदगी का ढेर लगा है। घास-फूस व कच्ची नाली में गंदे पानी की बदबू व मच्छर खुलेआम बीमारी को न्यौता दे रहे हैं।

ग्राम के शासकीय प्राथमिक शाला के पास लाखों रुपये से बने शौचालय कई साल से जाम पड़े होने से ग्रामीण मजूबरी में खुलेआम लोटा परंपरा को निभा कर स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहे हैं। ग्राम पंचायत गोड़ेला के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व कार्यरत सचिव को समस्या को झांकने की फुर्सत नहीं है, जबकि ग्राम पंचायत स्वच्छता के नाम पर पैसा खर्च सफाई के नाम पर अपनी ढपली अपनी राग अलाप रही है। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं 01 में 47 बच्चे पंजीकृत है, लेकिन अव्यवस्था व अनदेखी के कारण 3 से 6 वर्श के सिर्फ 12 बच्चे ही मजबूरी में पहुचते है। आंगनबाड़ी केन्द्र में लगा पंखा बंद पड़ है, जिसके कारण गर्मी में बच्चो को उमस का सामना करना पड़ता है, वही स्टोर रुम व किचन में लाइट खराब है।

ग्राम के संतराम हरमुख ने बताया कि कई बार गांव, गली, नाली सहित समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत गोड़ेला से शिकायत कर चुके हैं, हालत जस के तस बने हैं। विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीण परेशान है। राशन दुकान भी काफी खस्ताहाल व जर्जर हो चुकी है, बारिश में छत से सिपेज आती है, जिसके कारण बरसात में ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती है। सरपंच रामेश्वर ठाकुर ने कहा कि गांव में साफ सफाई जरुर कराएंगे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में किया गया चलित विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मिसाइल मैन ऑफ इंडिया, भारत रत्न, व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अटल टिकटिंग लैब के प्रभारी पंकज सोनी के नेतृत्व में स्कूल इनोवेशन मैराथन 2024 का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न चलित विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से मोबाइल चार्जिंग स्टेशन, पुष्पराज मोक्ष, तेजेश्वर, स्मार्ट टॉयलेट फ्लश निखिल, लोकेंद्र, पुष्कर रिवर क्लीनर संत, साहिल, केशव वाटर प्यूरीफिकेशन वोमेश, गगनदीप, देव लाई फाई डॉली साहू, एयर जनरेटर जय कुमार, अंकुश गैस सेफ्टी डिवाइस परमेश्वर, यसराज, विनय स्मार्ट ऐग्रिकल्चर कीर्तिका साहू, डिम्पल साहू, डिम्पल गावरे के द्वारा मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। संस्था के प्राचार्य अरूण कुमार साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार लाने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ाने और विज्ञान के प्रति जागरूक करना है। एपीजे अब्दुल कलाम भारत के 11वें राष्ट्रपति थे। वे एक महान वैज्ञानिक और इंजीनियर थे, जिन्होंने भारत को एक मजबूत मिसाइल कार्यक्रम विकसित करने में मदद की। हमें डॉक्टर कलाम के जीवन से हमें ईमानदारी, संयम और परिश्रम की सीख मिलती है। इस अवसर पर व्याख्याता एसएन दुबे आरएस देशमुख बीके देशलहरे, नेमसिंह साहू, आरके सार्वा, कुमुदिनी साहू, क्रांतिगुहा नियोगी, नीलम पाण्डे उपस्थित थे।




### पटाखे चलाते समय सावधानियों को लेकर किया नुक्कड़ नाटक



दीपावली पर्व के परिप्रेक्ष्य में पटाखों से बचाव के लिए स्काउट, गाइड के बच्चों ने स्काउट गाइड प्रभारी नेमसिंह साहू के नेतृत्व में पटाखों पर जागरूकता फैलाने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस से संबंधित क्विज कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्न किए गए। छात्रों को चार समूहों महानदी, इंद्रावती, अरपा, तांदुला में बांटकर तीन राउंड में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विजेता अरपा टीम रही। इन सभी कार्यक्रमों में वेद देवांगन, नेमसिंह साहू, हरिश्चंद्र पटेल, एसएन दुबे के साथ सभी स्टॉफ का योगदान रहा।

# अंचल में दीपावली को लेकर उत्साह

**लाटाबोड़।** दीपावली को लेकर अंचल में उत्साह का माहौल बना हुआ है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व को लेकर महाराज होमेश्वर नाथ योगी ने बताया कि त्योहार की शुरुआत 29 अक्टूबर को धन तेरस के साथ होगी।त्रयोदशी तिथि का आरंभ 29 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से होगी, जो 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर समाप्त होगा। इस दिन सोने-चांदी के सिक्के नए आभूषण और बर्तन खरीदने का विधान है। इसी तरह नरक चतुर्दशी 30 अक्टूबर को मनाई जाएगी। चतुर्दशी तिथि 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होगी। पंडित जितेंद्र शर्मा के अनुसार हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। इस बार अमावस्या तिथि का आरंभ 31 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 52 मिनट से शुरू हो रहा है, वहीं 1 नवंबर को शाम 5 बजकर 13 मिनट पर समाप्त होगी। इस लिए इस साल दिवाली का त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को मनाया जाएगा कार्तिक माह की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा मनाने का विधान है प्रतिपदा तिथि का आरंभ 1 नवंबर को शाम 6 बजकर 16 मिनट पर होगा प्रतिपदा तिथि का समापन 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर होगा गोवर्धन पूजा के लिए प्रातःकाल मुहूर्त सुबह 6 बजकर 34 मिनट से सुबह 8 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। वहीं, गोवर्धन पूजा के लिए सायंकाल मुहूर्त दोपहर 3 बजकर 23 मिनट से शुरू होगा और समाप्त शाम 5 बजकर 35 मिनट पर होगा। भैया दूज का मुहूर्त हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाते हैं, जो इस 3 नवंबर को मनाया जाएगा। द्वितीया तिथि 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट से शुरू होगी, जो 3 नवंबर को रात 10 बजकर 5 मिनट पर समाप्त होगी।

# पीएमश्री स्कूल सिरसिदा के बच्चों ने कार्यक्रम में मचाया धमाल






**अंडा।** पीएमश्री शाला जिलास्तरीय कैंप में शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा की ओर से संगीत के माध्यम से एकल नृत्य, समूह नृत्य, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना व राजकीय गीत की प्रस्तुति दी गई। इस कैंप में लगभग 8 पीएमश्री स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। रंगोली, पेंटिंग, मिट्टीकला, रस्सी कूद, फुगड़ी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, वाद-विवाद, फैंसी ड्रेस आदि कार्यक्रम का आयोजन झलमला बालोद में हुआ। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, बीआरसी जितेंद्र कौशल, एबीईओके द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा के बच्चों ने संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एपीसी खुरश्याम, स्टॉफ धनेश्वरी प्रधान पाठक, राकेश कुमार साहू, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर व संकुल समन्वयक शैलेन्द्र पांडे सहित स्टाफ उपस्थित थे।

## पेज 7 के शेष

### किसानों को सालभर बाद भी...

विगत दिनों हुए बैठक में बोनस राशि देने की बात कही गई है, किंतु अब तक किसानों के खाते में पैसा नहीं आया है, उन्होंने कहा कि अगर ऐसे ही स्थिति रही तो किसान गन्ना लगाने के लिए उत्साहित नहीं होंगे, सरकार को दीपावली के पहले बोनस राशि देनी चाहिए। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार केवल धान की खेती को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे कि गन्ना की खेती पिछड़ रही है, अगर यही स्थिति रहा तो कारखाना बंद होने की कगार पर आ जाएगा उन्होंने बताया कि इसके पहले भी प्रदेश के मुख्यमंत्री को गन्ना का मुल्य प्रति क्विंटल 500 रूपये करने की मांग संघ द्वारा की गई थी, किंतु सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया गया।

### कंवर (आदिवासी) समाज का ...

कंवर महासभा गुंडरदेही, केश कुमार ठाकुर और संरक्षक एचएल दूधकौरव ने बताया कि जिला बालोद कंवर (आदिवासी) समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं कंवर महोत्सव सुबह 9 बजे पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। उसके बाद सामाजिक संगोष्ठी एवं अन्य गतिविधियां होगी। दोपहर 12 बजे से अतिथियों का आगमन होगा।

### लाल रघुवीर सिंह...

बार 400 रूपए की बढोतरी की गई। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि अब 5 वर्ष बाद ही इस राशि में बढोतरी की जाएगी। दुकान स्थल पर पानी, रेत, साफ सफाई की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की जाएगी। स्थल में अग्निशमन यंत्र सभी व्यापारियों द्वारा रखा जाना अनिवार्य है। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। कार्यपालिका मजिस्ट्रेट की ड्यूटी शांति व्यवस्था के लिए होगी एवं व्यापारियों द्वारा रात्रि में अपने सामग्रियों की निगरानी व सुरक्षा के लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगे।

### घसियाराम को हाईकोर्ट ...

हाई कोर्ट ने प्रतिवादियों को डाक से नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। दीपावली के पूर्व इस फैसले से गांव में खुशी का माहौल है। अब देखना ये होगा कि जिला पंचायत दुर्ग, जनपद पंचायत दुर्ग कब आदेश जारी करते हैं।

### हैदराबाद गए परिवार के यहां ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई।** हैदराबाद गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक हुडको स्थित मकान नंबर एमआईजी 1/200 निवासी प्रसाद राव परिवार समेत हैदराबाद गए हुए थे। घटना शनिवार तड़के 3 से 4 बजे के बीच की है। भोर में एक महिला फूल तोड़ने निकली तो उसने दो नकाबपोश युवकों को घर की दीवार से कूदकर भागते देखा। महिला के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए।







# जामुल में कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लंबे समय से कबाड़ का अवैध कारोबार कर रहे एक कबाड़ी को पुलिस ने शिकायत के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पास से लाखों का कबाड जब्त किया गया है। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी था। जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि सुरेश पाण्डेय उर्फ पाण्डेय कबाडी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कबाडी के पास से पुलिस ने लाखों रुपए का अवैध कबाड भी जब्त किया है। इस बार पाण्डेय कबाड़ी को ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन और स्टील चैंबर के लोगों ने मिलकर पकड़वाया है। औद्योगिक क्षेत्र जामुल के फैक्ट्रियों से कई बार लोहा पार होने की शिकायत पुलिस को मिली थी। लेकिन पाण्डेय कबाडी पर कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति किया जाता रहा है।



लेकिन इस बार पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम से चोरी का प्लेट समेत कई सामान जब्त किया गया। बताया गया है कि इन कबाड़ी और ट्रक ड्राइवरों का बड़ा नेटवर्क है। ये लोग ट्रक ड्राइवर से सेटिंग करके रखते हैं। जब वो बीएसपी से लोहा लोड करके आता है तो रास्ते में एक दो प्लेट कबाड़ियों के यहां उतार देता है। लोहे की कुछ प्लेट्स रसमड़ से ट्रक में लोड हुई थीं। जब वो भिलाई में अनलोड हुई तो ट्रक से एक से दो सरिया गायब था। लोडिंग और अनलोडिंग की फोटो का मिलान किया तो चोरी की आशंका हुई।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दीपावली पूर्व किस्त जारी, स्वाधीन ने जताया सीएम साय का आभार



**डोंडी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं कांकेर जिला के सदस्यता अभियान प्रभारी स्वाधीन जैन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महतारी वंदन योजना की 9 वीं क़िस्त दीपावली पर्व से पूर्व जारी किये जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में मातृ-शक्ति के साथ ही गरीब और किसानों के राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक सशक्तीकरण के लिए क्रांतिकारी कदम सतत उठाए जा रहे हैं। स्वाधीन जैन ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत हमारे प्रदेश की लाखों बहनों को सशक्त बनाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। इसी तरह इस वर्ष दीपावली का प्रकाश-पर्व प्रधानमंत्री आवास के साथ लाखों गरीब परिवार अपने-अपने पक्के घरों में मनाने वाले हैं। इसी तरह आगामी नवंबर माह में हमारे प्रदेश के लाखों किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदकर उन्हें भी सशक्त बनाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है।

### कलाकार से लाखों की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सरकारी कार्यक्रम दिलाने और फाइल बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। कलाकर ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। मोगर गंवई गांव खुर्सपार निवासी लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी ने शिकायत किया है कि वार्ड 36 दुर्गा चौक रायगढ़ निवासी जितेश चौहान, राकेश कुमार त्रिपाठी, महिला यादव नामक तीन लोगों ने मिलकर 1.30 लाख रुपए का ठगी किया है। तीनों ने मिलकर कलाकार नवलदास मानिकपुरी से सरकारी कार्यक्रम दिलाने, फाइल तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा दिया। पीड़ित ने बताया कि जितेनश चौहान की पत्नी किरण चौहान के खाते में रकम ट्रांसफर किया गया है। उक्त लोगों से पीड़ित ने राशि लौटाने की कई बार गुहार लगाई लेकिन लगातार घूमाया जा रहा है। पीड़ित लोकमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुति कर अपना परिवार का भरण पोषण करते है।

### निगरानीशुदा बदमाश की हत्या दो दिन पहले हुई थी शादी

**भिलाई।** दो दिन पहले निगरानीशुदा बदमाश की हुई थी शादी और पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया है। दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। शिकायत पर पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर दुर्ग निवासी परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोपू अपने दोस्त जितेन्द्र के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान शांति नगर चौक पर विकास उर्फ पिंटू ने टोपू को आवाज देकर बुलाया। आवाज सुनकर परमेश्वर ने अपनी बाइक रोक दी। अचानक विकास तेजी से आया और चाकू से परमेश्वर और जितेन्द्र पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगं ने पुलिस को सूचना दी ।

**कार्यक्रम**

**जिपं सदस्य निधि से स्वीकृत 10 लाख और सामाजिक जनों के सहयोग से हुआ निर्माण**

# जिपं उपाध्यक्ष मिथलेश ने गोंड़वाना सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

गोंडवाना सामुदायिक भवन कुसुमकसा का लोकार्पण मिथलेश नूरेटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य अतिथि में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने की।

विशिष्ट अतिथि मनीष शेंडे थाना प्रभारी डोंडी, चंद्रहास ठाकुर जिला जनसंपर्क अधिकारी बालोद, डीडी माण्डले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी, प्रेमलाल कुंजाम अध्यक्ष गोंडवाना समाज जिला बालोद ,मोहन हिडको उपाध्यक्ष गोंडवाना समाज डोंडी, संजय बैंस जनपद सदस्य, तिहारसिंह तारम, तुलसी मरकाम प्रेमचंद जैन, गौरीशंकर साहू, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बुढादेव की पूजा अर्चना कर किया गया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। मिथलेश नूरेटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत के जिला पंचायत सदस्य निधि से 10 लाख रुपयों की राशि सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत कराए थे। गोंडवाना समाज के सदस्यों ने भी भवन निर्माण के लिए आर्थिक व श्रमदान कर सहयोग कर भवन को मूर्त रूप दे दिया है। मुख्य अतिथि मिथलेश नूरेटी ने कहा कि आप सबके के सपना साकार आज हुआ है। भवन निर्माण होने के बाद आज लोकार्पण हो रहा है। भवन निर्माण प्रारंभ होने से अंतिम तक मूर्त रूप देने में सही दिशा-दिशा देने में समाज का सराहनीय योगदान रहा। भवन निर्माण होने से आज से समाज की बैठक सहित अन्य सामाजिक कार्य संपादित होंगे। साथ ही कुसुमकसा में उक्त भवन का उपयोग ग्राम के ग्रामीण शादी-विवाह सहित अन्य आयोजन के लिए कर सकेंगे। समाज प्रमुखों की मांग पर शौचालय निर्माण कराने की आगामी दिनों में करने की बात कही। कार्यक्रम को मनीष शेंडे थाना प्रभारी डोंडी,चंदेश कुमार ठाकुर ,प्रेमलाल कुंजाम ,तुलसी मरकाम , डी डी माण्डले ने भी संबोधित किया। उन्होंने कर भू राजस्व संहिता, समान नागरिकता संहिता कानून सहित अन्य अधिनियम की जानकारी देते हुए समाज को नई दिशा में ले जाने के लिए बच्चों को समुचित शिक्षा दिलाने की बात कहते हुए नशापान से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर अतिथियों ने भवन के समीप पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन मोहन हिडको तथा आभार प्रदर्शन संयोजक श्यामलाल ठाकुर अध्यक्ष गोंडवाना कल्याण समिति ने किया।

इस अवसर पर कोमलसिंह ध्रुव कोषाध्यक्ष, हरिराम ठाकुर अमाय नागवंशी ,उम्मेंद्र मंडावी,विजय पोटाई , उत्तरा बाई तुमरेकी,जालंधर नेताम ,सुशीला धुर्वे सहित गोंडवाना समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## पचरी निर्माण के लिए जनपद सदस्य संध्या ने किया भूमिपूजन



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरुर अंतर्गत ग्राम सरबदा में क्षेत्र क्र. 8 खुंदनी गुरुर की जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू के जनपद निधि टिकरापारा में नदी किनारे पचरी निर्माण और बाजार चौक के पास प्रसाधन निर्माण की स्वीकृति हुई है। जिसके लिए जनपद सदस्य संध्या अजेंद्र साहू ने भूमिपूजन किया।

अतिथियों ने विकसित भारत के सपने को साकार होते हुए देख ग्रामीण विकास के लिए 15 वे वित्त की राशि जारी करने के लिए देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी का आभार जताया है, सभी ग्रामवासियों ने संध्या अजेंद्र साहू के द्वारा लगातार किये गए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपने सुख दुख का साथी बताया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरबदा बूथ के बूथ अध्यक्ष ईश्वर लाल साहू थे। अध्यक्षता संध्या जनपद सदस्य अजेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच गीता मरई, ग्रामीण अध्यक्ष संत राम निषाद, उपाध्यक्ष चिंता राम, कोशाध्यक्ष राजकुमार, सचिव गिरधर यादव, भाजपा युवा नेता अजेंद्र साहू, मंत्री प्रमोद सिन्हा, मंत्री रवि साहू, लोकेंद्र सिन्हा, सोने लाल साहू, नीलकंठ साहू, जगत साहू, चैतराम साहू, छगन लाल साहू, गोकुल राम साहू, महेंद्र कुमार साहू, सदानंद हिरवानी, युवराज साहू सहित ग्रामीण उपस्थिति थे।

## टेंगना बरपारा में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेंगना बरपारा में शुक्रवार को ठाकुर डोकरा में अहाता, मिडिल स्कूल में पेंवर ब्लाक एवं चोरहा नाला में रिटर्निंग वाल निर्माण का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि भारत 2014 से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहे हैं।

इसलिए तीसरे बार प्रधानमंत्री बनाए गए है। मोदी का संकल्प है कि देश की जनता कोई भूखे ना रहे, वह आत्म निर्भर बने। स्वच्छता के लिए माता बहनें कोई बाहर शौच ना जाएं, इसलिए शौचालय निर्माण कराये गये। पिछले सरकार के कार्य काल आवास बंद था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बनने के बाद 18 लाख आवास प्रारंभ, नल जल योजना, गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड में 5 लाख मुक्त इलाज, उज्जवला योजना लागू की गई है। ग्रामीणों एवं सरपंच पवर सिंह यादव की मांग पर कला मंच के पास 5 लाख के शेड, निषाद समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि लोग जिस गांव में पैदा होते हैं, उस गांव का ज्यादा विकास करना चाहिए। डा रमन सिंह के सरकार के समय बालोद जिले में पंचरी निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, श्मशान घाट शेड निर्माण, सीसी रोड का निर्माण किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, विष्णु देव सरकार ने दो साल का बोनस दिये है। पिछले सभी कामों को मुख्यमंत्री पूरा कर रहे हैं। जिला पंचायत सभापति ललिता पीमन साहू ने गांव के कला मंच के पास शेड निर्माण की मांग रखी।





पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, नवीन कांलेज अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, महामंत्री भुवन साहू, जनपद सदस्य रेणुका रावटे, पूर्व सरपंच झलमला पालक ठाकुर, पूर्व सरपंच छेडिया नरेन्द्र साहू अतिथि के रुप में शामिल थे। सभी अतिथियों ने पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सरपंच पवर सिंह यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष डिलेश्वर सिन्हा, चमन साहू, पंकज साहू, हिरदे राम सिन्हा, उमेन्द्र निषाद, घनश्याम यादव, केशव साहू, युवराज मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अरमरीकला कालेज में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में 26 अक्टूबर शनिवार को जनजाति गौरव माह अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि उपसंचालक जनसंपर्क विभाग जिला बालोद चंद्रेश कुमार ठाकुर थे, मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक, सह वक्त के रूप में सचिव वनवासी विकास समिति कृष्णा साहू एवं जिला संयोजक जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम बालोद अध्यक्षता के रूप में प्राचार्य डॉ यशवंत साव उपस्थित थे। इस कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यशवंत साव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कृष्णा साहू ने जनजाति समाज के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

आरएस नायक सेवानिवृत्ति आईपीएस ने जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत के बारे में बताते हुए अपने कार्यकाल में बीते हुए समय के बारे में जिक्र किया और कहा कि जनजाति समाज हमारे समाज का अभिन्न अंग है, जिन्होंने देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्य अतिथि उपसंचालक जनसंपर्क विभाग जिला बालोद चंद्रेश कुमार ठाकुर ने अनुसूचित जाति व जनजाति के विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने समाज के उत्थान के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुमार भारती तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## वेतन विसंगति को लेकर लिपिकों ने सौंपा ज्ञापन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी तहसील शाखा डौंडीलोहारा द्वारा प्रांतीय निकाय के आव्हान पर वेतन विसंगति एवं 07 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए 25 अक्टूबर को तहसील इकाई के समस्त लिपिकों ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस अर पर मनीष भेलोटकर, तिवारी बाबू,मन्नू ठाकुर ,उमाशंकर किसान, रूपेश देवांगन,वेद राणा,नीतू पटेल, देवराणा,कोसमा बाबू, पवन मालेकर, भूपेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सभी विभाग के लिपिक साथी उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी रूस्तम साहू ने बताया कि सभी ने एक स्वर में वेतन विसंगति दूर करने की आवाज उठाई।



## नवयुवक मंडल के अध्यक्ष चुने गए रिमेंद्र कुंजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नवयुवक मंडल की बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से रिमेन्द्र कुंजाम को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

उपाध्यक्ष तरुण मंडावी, योगेंद्र कुंजाम, सचिव रामनारायण उइके, कोषाध्यक्ष दुष्यंत उइके, सहसचिव सीतेश्वर हिड़को को मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों का सम्मान समारोह, शपथ ग्रहण एवं पूर्व पदाधिकारी का विदाई समारोह दीपावली में किया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिमेन्द्र कुंजाम ने कहा कि दीपावली पर्व शांतिपूर्ण मनाने, गौरा गौरी स्थापना, एक नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस, गोवर्धन पूजा एवं कर्मचारियों का सम्मान समारोह, रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रामाधार कुंजाम, शिवम कुरेटी, जैलसिंह उइके, लिकेन्द्र मंडावी, वासुदेव सोरी, संदीप यादव, डिकेश कांगे, चन्द्रहास उइके, धनेश्वर मंडावी, दीपेश कांगे, दिनेश कांगे, आलोक कुरैटी, तामेश उइके, केशव पोटाई उपस्थित थे।

### विपरित परिस्थियों का सामना करने के सीखे गुर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सिंटर संयंत्र के कर्मियों की पत्नियों व गृहणियों को हम भी है तैयार एक दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा की जरुरी जानकारियां दी गई। इस दौरान उन्हें धैर्य व हिम्मत के साथ संकट का सामना करने और प्राथमिक उपचार दवरा कृत्रिम सांस देने सहित कई कार्य बताएं गये। एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन लघु सभागार, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 24 महिलाएं उपस्थित रहीं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# वृद्धाश्रम पहुंचे रसमड़ा स्कूल के एनएसएस के स्वयंसेवक, बुजुर्गों के साथ गुजारा समय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसमड़ा के एनएसएस के 48 सदस्यों ने पुलगांव वृद्धा आश्रम का एक दिवसीय भ्रमण किया, ताकि उनकी दिनचर्या क़ी जानकारी प्राप्त की जा सके। भ्रमण का दूसरा उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान क़ी भावना, बुढ़ापे में उनका सहारा बनना आदि संस्कार विकसित करना था। वहाँ बच्चों ने अनुभव किया कि जिस उम्र में माता-पिता को अपने परिवार के बीच रहना चाहिए, वे वृद्धा आश्रम में रहने के लिए मजबूर हैं।

स्कूली बच्चों को अपने बीच पाकर कुछ बुजुर्ग बच्चों की तरह रोने लगे, जिससे पता चलता है कि उन लोगों ने दुख की अधिकतम सीमा को पार करके जीना सीख लिया है। आज पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार युक्त शिक्षा की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी को ऐसे दृश्य देखना न पड़े। भ्रमण दल का नेतृत्व व्याख्याता व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जयपाल सिंह गाँवरे ने किया। सहयोगी के रूप में एनव्हीएस नलिनी (व्याख्याता ), भुनेश्वरी बंजारे, दुर्गेश शुक्ला, विष्णु नोर्के, रुखमाणी डाहरे उपस्थित रहे। उनके साथ प्रेरणा, पायल शर्मा, अभिषेक, गौरव, लव, खोमेश, पार्वती, चंदन, खुशबु, ईश्वरी सहित बड़ी संख्या में एनएसएस के युवा शामिल हुए।

